हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 हाथी से चौपट होने वाली फसल में भी किसानों को मिलेगा बीमा का लाभ





हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026

मास्टर कूपन 15 जुलाई 2026

कूपन नं. 3


# लेमरू एलीफेंट रिजर्व के अध्ययन हेतु देहरादून से पहुंची वैज्ञानिकों की टीम

## हाथियों के बेहतर रहवास और मानव हाथी द्वंद पर ग्रामीणों से संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोरबा और कटघोरा वन मंडल के घने जंगलों में हाथियों के स्थायी बसेरे और उनके व्यवहार को समझने के लिए भारत सरकार द्वारा गठित चार वन्यजीव विशेषज्ञों की एक विशेष टीम यहां पहुंची है। यह टीम न केवल हाथियों के रहवास और उनके मूवमेंट का अध्ययन कर रही है, बल्कि मैदानी स्तर पर ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनके अनुभवों को भी साझा कर रही है। टीम के द्वारा रिपोर्ट तैयार किया जाएगा और भारत सरकार को सौंपा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कोरबा और कटघोरा वन मंडल में हाथियों का मूवमेंट बना रहता है। लेमरु एलीफेंट रिजर्व बनने के बाद से हाथियों के रहवास और बेहतर हुआ है जिसकी वजह से कटघोरा वन मंडल को अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है। बताया जाता है कि भारत सरकार द्वारा लेमरु एलीफेंट रिजर्व अध्ययन के लिए एक टीम गठित की गई है। यह टीम कोरबा और कटघोरा वन मंडल ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- कोरबा और कटघोरा वन मंडल का किया निरीक्षण, भारत सरकार को सौंपी जाएगी रिपोर्ट




**टीम में इनको किया गया शामिल**

प्रोजेक्ट टाइगर और एलिफेंट डिवीजन, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने लेमरू हाथी रिजर्व के प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन (एमईई) को करने के लिए औपचारिक रूप से एक क्षेत्रीय टीम का गठन किया है। एमईई प्रक्रिया हाथी रिजर्व के प्रबंधन की खूबियों और कमियों का आकलन करने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस टीम में सेवानिवृत्त आईएफएस अजय मिश्रा, विषय विशेषज्ञ सेवानिवृत्त आईएफएस पीएस सोमशेखर, वन्यजीव संस्थान देहरादून डॉ. अनिल कुमार सिंह व वन्यजीव संस्थान देहरादून से सहायक फैकल्टी डॉ. आर सुरेश कुमार, वैज्ञानिक शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### आईएएस प्रतीक ने संभाली जिपं सीईओ की कमान



**कोरबा**। वर्ष 2020 बैच के आईएएस प्रतीक जैन ने जिला पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। सोमवार सुबह जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में निवर्तमान सीईओ दिनेश कुमार नाग ने उन्हें कार्यभार सौंपा। प्रतीक जैन प्रशासनिक सेवा में अपने प्रभावी कार्यों के लिए जाने जाते हैं। कोरबा आने से पहले वे बस्तर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा रायगढ़ में सहायक कलेक्टर तथा रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) में अतिरिक्त आयुक्त एवं सीईओ जैसे महत्वपूर्ण दायित्व भी संभाल चुके हैं। प्रशासनिक अनुभव और विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन का अनुभव रखने वाले प्रतीक जैन के नेतृत्व में अब जिला पंचायत की विभिन्न योजनाओं, ग्रामीण विकास, अधोसंरचना निर्माण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### राधा कृष्ण धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 18 को

**पाली**। ऐतिहासिक नगरी में आध्यात्म की दृष्टि से एक और ऐतिहासिक मंदिर का नाम जुड़ने जा रहा है। प्रशांत मिश्रा के नेतृत्व में जन सहयोग से एक भव्य मंदिर निर्माण की योजना 4 साल पूर्व बनी थी और इस भव्य मंदिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। राधा कृष्ण धाम अब अपने भव्य रूप में आ चुका है और भगवान राधा कृष्ण की दिव्य मूर्ति भी पाली पहुंच चुकी है और इस भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि भी तय हो चुकी है। जिसमें राधा कृष्ण की प्रतिमा की प्राम प्रतिष्ठान रथ यात्रा महोत्सव के अवसर पर 18 जुलाई से किया जाएगा। प्रथम दिन 18 जुलाई दिन को प्रातः कलश यात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन 19 जुलाई को हवन पूजन के साथ दिव्य मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। 20 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठित नव निर्मित राधा कृष्ण धाम में दिव्य महा आरती एवं पूजन समारोह के साथ भण्डारा आयोजित होगा।

### जिले के अऋणी किसान 31 जुलाई तक करा सकते हैं फसल बीमा

**कोरबा**। खरीफ सीजन 2026 के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, अल्पवृष्टि, अतिवृष्टि, सूखा, ओलावृष्टि, कीट एवं रोग प्रकोप सहित अन्य प्राकृतिक जोखिमों से फसलों को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना तथा खेती को अधिक सुरक्षित और लाभकारी बनाना है। योजना के अंतर्गत फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। खरीफ 2026 के लिए फसल ऋण लेने वाले ऋणी किसानों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वतः कर दिया जाएगा। वहीं अऋणी किसानों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए स्वयं आवेदन कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर फसल बीमा कराना होगा।

## सिविल लाईन थाना क्षेत्र के बालको रिस्दी रिंग रोड पर हुआ हादसा

# ट्रेलर ने बुलेट को मारी टक्कर, एमबीबीएस के छात्र सहित दो की मौत, एक गंभीर



दुर्घटनाकारित ट्रेलर एवं लोगों की भीड़।



वाहन के चक्के में दबी युवती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयले से भरी एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बुलेट सवार तीन लोगों को ढेंगुरनाला पुल पर अपनी चपेट में ले लिया जिससे मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे एक युवक व एक युवती की मौत हो गई है। घटना में एक अन्य युवती गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा था और चक्काजाम करने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन पुलिस मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझाइश दी गई जिसकी वजह से चक्काजाम नहीं हुआ। हादसे को अंजाम देने वाले चालक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटनाकारित ट्रेलर को जप्त कर लिया है।



मृत हैप्पी रात्रे।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण के ग्राम कचंदा निवासी हैप्पी रात्रे 26 वर्ष पिता हीरालाल रात्रे मेडिकल कॉलेज में छात्र था और एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था । बताया जाता है कि गौरेला पेंड्रा निवासी रेशमा नागेश 25 वर्ष और उसकी सहेली रागनी यादव कोरबा घूमने के लिए आए हुए थे और मंगलवार की सुबह लगभग 10:30 बजे हैप्पी रात्रे, रेशमा नागेश और रागिनी यादव हैप्पी की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 सीबी 2635 में सवार होकर बालको से रिस्दी की ओर जा रहे थे कि इसी दौरान कोयला लेकर रिस्दी से बालको की ओर आ रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीजी 9223 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बालको रिंग रोड के ढेंगुरनाला पुल पर मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही बालको पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची । जब तक घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता उससे पहले मौके पर एमबीबीएस छात्र हैप्पी रात्रे और गौरेला पेंड्रा निवासी रेशमा नागेश की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल रागनी को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालक को गिरफ्तार कर लिया है और दुर्घटनाकारित ट्रेलर को भी जप्त कर लिया है।

**बालको रिंग रोड में लगातार हो रही है दुर्घटना**

बालको से रिस्दी को जोड़ने वाले रिंग रोड में पिछले कुछ महीनों से लगातार दुर्घटनाएं हो रही है कुछ दिनों पूर्व ही रिंग रोड में एक हादसा हुआ था जिसमें युवक की मौत हो गई थी इस हादसे को अभी लोग नहीं भूल पाए हैं कि फिर से इसी मार्ग में हादसा हो गया है और दो लोगों की मौत हो गई है। यह मार्ग काफी जर्जर हो चुका है जिसकी वजह से लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। इस मार्ग में हमेशा भारी वाहनों का परिचालन होता है लेकिन मार्ग की हालत बद से बदत्तर हो चुकी है जिसकी वजह से हादसे से हो रहे हैं। भारी वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इस मार्ग में भारी वाहनों का ही दबाव है लेकिन लंबे समय से इस मार्ग का चौड़ीकरण हो पाया है और ना जीर्णोद्धार। जिला प्रशासन को इस मार्ग को चौड़ीकरण और बेहतर बनाने की दिशा को ठोस पहल करनी चाहिए ताकि इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

# आनलाइन ठगी के 19 मामलों में एक लाख 55 हजार की राशि कराई वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन साइबर ठगी संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के समन्वय से धोखाधड़ी की राशि को तत्काल होल्ड कराया गया। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत एमआरएम पोर्टल के माध्यम से 19 पीड़ित शिकायतकर्ताओं के बैंक खातों में कुल 1 लाख 55 हजार 440 रुपए सफलतापूर्वक वापस कराई गई। सभी प्रकरणों में शेष बची राशि को भी नियमानुसार संबंधित बैंक खातों में होल्ड कराने की कार्रवाई सतत जारी है। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत होल्ड की गई राशि भी पात्र पीड़ितों के बैंक खातों में वापस दिलाई जाएगी। साइबर पुलिस थाना द्वारा प्रत्येक प्रकरण में निरंतर फॉलो-अप कर राशि वापसी की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, साइबर पुलिस थाना द्वारा पोर्टल पर प्राप्त अन्य ऑनलाइन साइबर ठगी संबंधी शिकायतों में भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। पात्र मामलों में धोखाधड़ी की राशि होल्ड कराने तथा नियमानुसार पीड़ितों को राशि वापस दिलाने की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

**डिजिटल अरेस्ट की धमकी डॉक्टर ने की शिकायत**

आयुर्वेद डॉक्टर गौतम प्रसाद नेताम के पास एक अनजान नंबर से एक महिला का फोन आया जिन्होंने डॉक्टर नेताम से कहा की आपके आधार नंबर से दो सिम इशू है और दूसरे सिम के नंबर से आप या आपके सिम के धारक द्वारा दूसरे लोगों से अश्लील बाते कर अश्लील वीडियो कंटेंट भेजकर लाखों रुपए की मांगने का दबाव बनाया जा रहा था। जिसके बाद डॉक्टर को शक हुआ और उसने अपने दोस्त को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित डॉक्टर को तुरंत साइबर सेल थाना गये। जहां साइबर प्रभारी ललित चंद्रा ने बैंक जाकर पीड़ति डॉक्टर के अकाउंट को फ्रिज कराया और पीड़ति डॉक्टर को स्कैमर के नंबर को ब्लॉक करने का सलाह देते हुए मामले को संज्ञान में लिया।

# अवैध रुप से रेत का परिवहन, 4 ट्रेक्टर जप्त



जप्त ट्रेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश तथा उप संचालक, खनिज प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में अवैध उत्खनन परिवहन व भण्डारण पर प्रतिबंध लगाने के लिए सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गठित खनिज उड़नदस्ता दल ने सघन जांच करते हुए करतला में मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 1 ट्रेक्टर तथा विजयनगर व मुंगाडीह में रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 3 ट्रेक्टर को जब्त कर करतला थाना व दीपका थाना की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा है। वहीं कुदमुरा, कसरेंगा, धवईपुर, चुईया, छुरीखुर्द, कुदमुरा, गीतारी, बरबसपुर में स्वीकृत वैध भण्डारणों का औचक निरीक्षण कर, भण्डारणकर्ताओं द्वारा नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए हिदायत दी गई है। खनिज विभाग ने चेतवानी दी है कि अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जाएगी।

# सुलभ शौचालय कर्मचारी पर चाकू से हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात मटन मार्केट के समीप सुलभ शौचालय में कार्यरत कर्मचारी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना में गंभीर रूप से घायल कर्मचारी का उपचार बालको अस्पताल में जारी है, जबकि आरोपी वारदात के बाद से फरार बताया जा रहा है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभाठा निवासी विनय कुमार सिंह 49 वर्ष सुलभ शौचालय में कार्य करता है। मंगलवार की रात लगभग 3 बजे ड्यूटी के दौरान परसाभाठा निवासी राज नामक युवक वहां पहुंचा और किसी बात को लेकर विवाद के बाद विनय कुमार सिंह पर चाकू से लगातार वार कर दिए। हमले में विनय गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल बालको अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। सूचना मिलते ही बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में आरोपी की पहचान परसाभाठा निवासी राज बरेठ के रूप में की गई है। घटना के बाद से वह फरार है। मामले में पुलिस ने राज बरेठ के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी पतासाजी कर रही है।

## नाबालिग छात्रा के साथ दैहिक शोषण, मामला दर्ज

**कोरबा**। जिले के करतला थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा ने अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। जानकारी के अनुसार छात्रा ने गांव के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। करतला थाना क्षेत्र के कोलगा इलाके की रहने वाली 10वीं कक्षा की छात्रा को अचानक प्रसव पीड़ा हुआ तो परिजन उसे आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही है।

## दोषी ठेकेदारों पर कार्यवाही व पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग

# मानस नगर में जलभराव, सीपीआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते कुछ वर्षों से हर वर्ष बारिश के दौरान निगम के वार्ड क्रमांक 19 मानस नगर के निर्मित मकानों में पानी भरने की समस्या सामने आती है। बावजूद इसके निगम व जिला प्रशासन इसे लेकर अब तक कोई संजीदगी नहीं दिखा रहे हैं। यही वजह है कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही व मुआवजे की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही 7 दिनों के भीतर मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



ज्ञापन देने पहुंचे मानस नगरवासी।

कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रभावित वार्डवासियों ने बताया है कि पानी टंकी के पास स्थित बस्ती में लोग 20 वर्षों से निवासरत हैं लेकिन मुख्य मार्ग पर पुलिया निर्माण के बाद से पिछले 3 साल से बारिश में कई घरों में पानी भर रहा है। अनाज, इलेक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर नष्ट हो गए और अनेक परिवार घर छोड़कर किराए के मकानों में रहने को मजबूर हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वार्डवासियों द्वारा विगत 2 वर्षों से विधायक, कलेक्टर कार्यालय, निगम आयुक्त, सुशासन तिहार तथा मुख्यमंत्री टोल फ्री नंबर 1076 पर लगातार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बस्तीवासियों की प्रमुख मांगों में तत्काल प्रभाव से वार्ड क्रमांक 19 मानस नगर में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए, पीड़ित परिवारों के नुकसान का आंकलन कर उचित मुआवजा राशि दी जाए, दोषी पुलिया निर्माण करने वाले ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों की उच्चस्तरीय जांच कराकर कानूनी ⏭ शेष पेज 3 पर


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में सुनी गई आमजन की समस्याएं, निराकरण करने अधिकारियों को दिए गए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सूनी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का समयसीमा के भीतर पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण में किसी प्रकार की अनावश्यक विलंब न हो। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, महतारी वंदन योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन संबंधी समस्याएं, भूमि पर अवैध कब्जा, सीमांकन, नामांतरण, मानदेय शिक्षक भर्ती सहित अन्य राजस्व एवं विकास कार्यों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### बालको मंडल से भाजपा ने शुरू किया बूथ सशक्तिकरण का नया अभियान

**कोरबा।** भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की नवाचार पहल के तहत संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से बालको मंडल के शक्ति केंद्र डुग्गूपारा पाढ़ीमार क्रमांक-2, वार्ड-41 के बूथ क्रमांक-94 में बूथ की बात–चाय के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें बूथ स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक संवाद स्थापित करते हुए बूथ सशक्तिकरण की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बूथ संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बीएलए-2, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख एवं मन की बात प्रमुख सहित बूथ टीम के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बूथ को और अधिक सक्रिय, संगठित एवं प्रभावी बनाना रहा। इस अवसर पर बालको मंडल प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सफलता का आधार मजबूत बूथ संगठन है। उन्होंने बूथ स्तर पर निरंतर जनसंपर्क, प्रत्येक मतदाता तक पहुंच, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बूथ को चुनावी विजय का सबसे मजबूत आधार बताते हुए कार्यकर्ताओं को सशक्त कार्यपद्धति के साथ कार्य करने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष डिलेन्द्र यादव ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ कार्यकर्ताओं में निहित है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत बनाने का संकल्प लेकर कार्य करेगा तो संगठन को निश्चित रूप से ऐतिहासिक सफलता मिलेगी।

### शौच के लिए निकले मजदूर पर हाथी का हमला

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर वन मंडल के कल्याणपुर बीट में जंगली हाथियों की दस्तक आखिरकार एक बड़ी घटना में बदल गई। पिछले तीन दिनों से जंगल और गांवों के आसपास विचरण कर रहे हाथियों ने सोमवार सुबह एक मजदूर पर जानलेवा हमला कर दिया। शौच के लिए जंगल किनारे गए मजदूर को हाथी ने जमीन पर पटकने के बाद उसके बाएं पैर को बुरी तरह कुचल दिया। मजदूर की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, तब तक हाथी जंगल की ओर बढ़ चुका था। गंभीर रूप से घायल मजदूर को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना के बाद कल्याणपुर हरिजनपारा और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। घायल की पहचान सुंदरपाल पिता गोपाल के रूप में हुई है। वे मूल रूप से भुम्मा थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और वर्तमान में कल्याणपुर के एक गुड़ फैक्ट्री में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। सोमवार सुबह वह रोज की तरह शौच के लिए जंगल किनारे गए थे। इसी दौरान कल्याणपुर बीट के कक्ष क्रमांक पी-2572 में छिपे एक हाथी से उनका सामना हो गया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, हाथी ने उन पर हमला बोल दिया और उनके एक पैर को बुरी तरह कुचल दिया जिससे पैर की हड्डी टूट गई हैं। वन विभाग के अनुसार अखोरा बीट से निकले दो हाथी तीन दिनों से सूरजपुर वन मंडल के कल्याणपुर क्षेत्र में विचरण कर रहे थे। हाथियों की लगातार गतिविधियों के कारण वन विभाग, हाथी मित्र दल और ग्रामीणों को पहले ही सतर्क कर दिया गया था। दिनभर हाथियों की लोकेशन पर नजर रखी जा रही थी और लोगों से जंगल नहीं जाने की अपील की जा रही थी। सोमवार को सूचना मिली कि दोनों हाथी बलरामपुर जिले की ओर चले गए हैं। इससे ग्रामीणों और वन अमले ने राहत की सांस ली, लेकिन कुछ ही देर बाद खबर आई कि एक हाथी फिर से कल्याणपुर हरिजनपारा में लौट आया है। इसके बाद वन विभाग पूरी रात उसकी निगरानी करता रहा।

## प्राथमिक शाला कंचादी में प्रेरक आयोजन

# दल प्रवेश उत्सव के साथ स्काउट आंदोलन से जुड़े नन्हे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण, अभिभावक छात्र छात्राएं।

नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के साथ विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यार्थियों को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से जोड़ने और उनमें सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से दल प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत कंचादी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की कब-बुलबुल इकाई में नए विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। बालवाड़ी में प्रवेश लेने वाली गायत्री यादव तथा कक्षा पहली में प्रवेशित निकिता मंझवार और पूनम मंझवार को वरिष्ठ बुलबुल रेणुका एवं अंजली ने तिलक लगाकर तथा स्कार्फ पहनाकर स्काउट आंदोलन की सदस्यता प्रदान की। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष विमला बाई मंझवार, मध्याह्न भोजन समिति की अध्यक्ष नीलाबाई यादव, कोषाध्यक्ष विनीता बाई यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री यादव, सहायिका अंजू मंझवार, विद्यालय की प्रधानपाठक एवं फ्लॉक लीडर नमिता श्यामकुंवर कड़वे तथा सहायक शिक्षिका ज्योति शर्मा सहित अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। दल प्रवेश उत्सव के बाद विद्यालय परिसर में कब-बुलबुल इकाई के बच्चों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय की प्रधानपाठक एवं फ्लॉक लीडर नमिता श्यामकुंवर कड़वे ने बताया कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, सेवा, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना है। स्काउट आंदोलन के माध्यम से विद्यार्थियों को नैतिक, बौद्धिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाकर जिम्मेदार नागरिक तैयार करने का प्रयास किया जाता है।

# कलेक्टर को बिजली, दीपका महाप्रबंधक को पानी समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार




महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामवासी।

हरदीबाजार भांठापारा इंदिरा आवास मोहल्ला में पानी की समस्या को लेकर एसईसीएल दीपका महाप्रबंधक अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। इंदिरा आवास मोहल्ला में आए दिन पानी की समस्या ग्रामीणों को झेलना पड़ रहा है एसईसीएल दीपका की कोयला खदान आबादी क्षेत्र के नजदीक होने के कारण तालाब, कुआं का पानी सूख गया है और हैवी ब्लास्टिंग से बोर भी धस गए हैं तो बोर सुख गया है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों के लिए जीवनयापन करना बहुत ही कठिन हो चुका है।

ऐसे में एसईसीएल दीपका के अधिकारियों को फोन के माध्यम से या आवेदन, निवेदन करते हुए ग्रामीण थक चुके थे, इसलिए आज चेतावनी दिए हैं कि यदि एसईसीएल दीपका प्रबंधन हरदीबाजार क्षेत्र के सभी मोहल्ले में पानी की संचालन सही तरीका से नहीं करता है तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन के लिए क्षेत्र के ग्रामवासी लाम बंध होंगे साथ ही साथ ही एसईसीएल के ऑफिस जाने के लिए प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सीआईएसएफ के जवान आधे रास्ते पर रोक देते हैं जिसे लेकर ग्रामवासियों में भारी आक्रोश देखा गया। इंदिरा आवास मोहल्ला भांठापारा में लो वोल्टेज की समस्या भी आए दिन पड़ा रहता है जिसे लेकर कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से भी अवगत कराया गया है लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया है क्या हरदीबाजार के जनता इसी प्रकार की समस्याओं का सामना करते हुए अपना जीवनयापन करते रहेंगे आजादी के बाद भी हरदीबाजार के क्षेत्र के लोगों को ठीक से बिजली पानी नहीं मिल पा रहा है यह क्षेत्र के लिए बहुत ही एक अभिशाप का कारण है। 200 मीटर की दूरी पर कोयला खनन होता है और 200 मीटर की दूरी पर विद्युत उत्पादन हो रहा है लेकिन हरदीबाजार के भाटापारा इंदिरा आवास मोहल्ले में लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए किसी भी प्रकार के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी तैयार नहीं है क्या आगे भी ऐसा होता रहेगा जिसे लेकर क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि अनिल टंडन ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर एसईसीएल सीजीएम और कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

# जिला साहू संघ की बैठक में सामाजिक गतिविधियों और सदस्यता अभियान पर बनी रणनीति



बैठक में उपस्थित साहू संघ के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला साहू संघ की बैठक शनिवार को चेक पोस्ट स्थित जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष गिरिजा कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत माता कर्मा के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ की गई। इस दौरान सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने, सेवा गतिविधियों के विस्तार और सदस्यता अभियान सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।

बैठक में जिला अध्यक्ष गिरिजा कुमार साहू को एचएमएस कोयला मजदूर सभा, एसईसीएल का केंद्रीय सचिव एवं गेवरा-दीपका क्षेत्र का जेसीसी सदस्य बनाए जाने पर साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा ईश्वर साहू को एल्डरमैन मनोनीत होने तथा अनु लाल साहू को एसईसीएल कुसमुंडा में आयोजित सेफ्टी टॉक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। वहीं जिला कोषाध्यक्ष घनश्याम प्रसाद साहू के जन्मदिन पर समाज की ओर से शुभकामनाएं भी दी गईं। बैठक में महिला प्रकोष्ठ द्वारा सावन उत्सव एवं भोजली पर्व आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिला की प्रत्येक इकाई से प्रति परिवार 100 रुपये वार्षिक सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया। सभी तहसीलों को अपने-अपने क्षेत्र में साहू समाज के परिवारों की संख्या और पारिवारिक जनगणना से संबंधित जानकारी निर्धारित समय में जमा करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान विभिन्न पदाधिकारियों ने समाजहित में कई सुझाव रखे। दीपक साहू ने समाज के माध्यम से रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, एंबुलेंस सेवा तथा कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जलपान व्यवस्था जैसी जनसेवा गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने का प्रस्ताव रखा, जिसका उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया।

# लायंस क्लब कोरबा गुरुकुल का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी




शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित क्लब के सदस्य।

लायंस क्लब कोरबा गुरुकुल का नवीन पदाधिकारी, कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मुख्य आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि वॉयस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मालिक एवं शपथ अधिकारी रीज़न चेयरमैन लायन पवन अग्रवाल ने विधि सम्मत शपथ दिलाई।

लायंस क्लब कोरबा गुरुकुल के शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक लायंस मैल्वीन जोन्स के तैल चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्प माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्वागत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वॉयस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मालिक, गुरुकुल के संस्थापक पीएमजेएफ लायंस डॉ राजकुमार अग्रवाल, शपथ अधिकारी रीज़न चेयरमैन लायन पवन अग्रवाल , विशिष्ट अतिथि जोन चेयरपर्सन लायंस मनोज कुमार गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सचिव एमजेएफ लायंस ईश्वर अग्रवाल, माइक्रो केबिनेट सदस्य लायंस प्रेम कुमार शर्मा एवं लायंस क्लब चांपा , लायंस क्लब कटघोरा छुरी के अतिथियों का आत्मीय स्वागत पुष्प गुच्छ एवं तिलक लगाकर गुरुकुल के लायंस सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीएमजेएफ़ लायन डॉ राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि लायनवाद ने हमें समुदायों की सेवा करने का सुअवसर प्रदान किया है। सेवा के आयाम में शिक्षा, स्वास्थ, सामुदायिक विकास में सहभागिता प्रदान करते हुए वर्तमान में अनाथालय बाल विकास केन्द्र संचालन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि प्रथम वॉयस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मालिक ने संबोधित करते हुए कहा कि लायनवाद हमें विचारशीलता सहनशीलता, और परोपकार की भावना विकसित करता हैं। उन्होंने लॉयंस क्लब कोरबा गुरुकुल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस क्लब में सबसे ज्यादा स्थाई प्रॉजेक्ट में स्कूल, एम्बुलेंस ,यात्री प्रतीक्षालय मड़वारानी मंदिर में पेयजल व्यवस्था ,अनाथालय बाल विकास केन्द्र, वृहद वृक्षारोपण अभियान जैसे अनेकों गतिविधियों संचालित है।

# भाजपा मंडल कटघोरा की बैठक संपन्न आगामी कार्यक्रमों को लेकर बनी रणनीति



बैठक में उपस्थित भाजपा मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

भाजपा मंडल कटघोरा की संगठनात्मक बैठक स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी श्रीमती रुक्मणि नायर उपस्थित रहीं, जबकि बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने की। बैठक में मंडल के सभी मोर्चों के अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ पदाधिकारी, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैठक में मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने संगठन के आगामी कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से जानकारी दी और सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान सभी मोर्चों के अध्यक्षों, महामंत्रियों एवं कार्यकर्ताओं ने क्रमवार अपने-अपने क्षेत्र की गतिविधियों, संगठनात्मक कार्यों, जनसमस्याओं तथा भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार रखे। कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा आम जनता तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए सुझाव भी दिए। जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी श्रीमती रुक्मणि नायर ने कहा कि भाजपा का सबसे बड़ा आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की सफलता प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता, अनुशासन और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य पूरी निष्ठा के साथ करें। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी अभियानों की तैयारी, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क, सेवा कार्यों तथा संगठन के विस्तार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विश्वास दिलाया कि वे पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम को पूरी निष्ठा एवं उत्साह के साथ सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे।

# मंडल अध्यक्षों में युवा चेहरे कांग्रेस के भविष्य की बुनियाद : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

नवनियुक्त ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों में अधिकांश चेहरे युवा है, जो कांग्रेस के भविष्य की बुनियाद को दर्शाता है साथ ही वार्ड एवं बूथ कमेटी का गठन किया जा रहा है। इन कमेटियों में सभी सक्रिय कार्यकर्ता को स्थान देना होगा, जिससे पार्टी संगठन में नई ऊर्जा, जोशिला नेतृत्व सामने आएगा।

उक्त बातें पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जिला कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और मण्डल कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) की आयोजित बैठक के दौरान कही। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन में जिला, ब्लॉक, मंडल, वार्ड और बूथ स्तर पर पुर्नगठित करते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि इसी माह प्रदेश के सभी 42 जिला अध्यक्षों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। शहर कांग्रेस में चार ब्लॉक और 10 मंडल कमेटी का गठन किया जा चुका है। वर्तमान में बूथ कमेटी गठन की प्रक्रिया रफ्तार में हैं, शीघ्र ही वार्ड अध्यक्ष व वार्ड कमेटी की गठन को धरातल पर उतारा जावेगा। बैठक में पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने जिला शहर के ब्लाक, एवं मंडल अध्यक्षों को मार्गदर्शन देते हुए संगठन को मजबूती देने के लिए प्रेरित की। उन्होंने कहा कि संगठन में नवनियुक्तियां केवल पद नहीं है यह जिम्मेदारी है, जनभावनाओं से जुड़ने की एवं संगठन के रीति नीति को जन-जन तक पहुंचाने की। बैठक को पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, श्याम सुंदर सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम ने भी संबोधित किया। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रेखा त्रिपाठी, प्रदेश सचिव विकास सिह सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा मण्डल जवाली की मासिक संगठन बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भारतीय जनता पार्टी मण्डल जवाली की मासिक संगठन बैठक ग्राम कोराई स्थित बूथ क्रमांक 83 में मण्डल प्रभारी चुलेश्वर राठौर एवं मण्डल अध्यक्ष श्रवण तंवर की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में मण्डल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक में मण्डल प्रभारी चुलेश्वर राठौर ने संगठन द्वारा निर्धारित विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों की क्रमवार समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका बूथ स्तर तक सक्रिय संगठन है तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना चाहिए। बैठक में विशेष रूप से डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम प्रमाण-पत्र डाउनलोड की प्रगति की समीक्षा की गई।

# पाली नगर पंचायत के एल्डरमैन ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली



शपथ लेने वाले एल्डरमैन।

नगर के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से शासन द्वारा मनोनित तीन एल्डरमैन ने मंगलवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां एसडीएम रोहित सिंह ने तीनों को संविधान और नगरहित में कार्य करने की शपथ दिलाई।

शपथ लेने वाले मनोनित एल्डरमैन में वरिष्ठ अधिवक्ता रामनारायण पटेल, समाज सेवी हरीश चावड़ा और अनुभवी जनप्रतिनिधि रामबिलास जायसवाल का नाम शामिल है। तीनों को नगर की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों में अनुभव प्राप्त है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल,उपाध्यक्ष लखन प्रजापति,वरिष्ठ नेता ज्ञान सिंह राजपाल, परमजीत सिंह छाबड़ा, प्रयाग नारायण शांडिल्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, दीपक सोनकर, कीर्ति कश्यप, सीएमओ पूर्णेंदु तिवारी सहित नगर के वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं मीडिया के साथी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शपथ के बाद एसडीएम रोहित सिंह ने नवनियुक्त एल्डरमैन को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई, जलापूर्ति, सड़क, नाली निर्माण और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनें और उनका निराकरण कराएं। पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करने पर ही नगर का समग्र विकास संभव है।

# कटघोरा के मुख्य मार्ग पर अवैध ऑटो स्टैंड हादसे को दे रहा न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर के मुख्य चौराहे शहीद वीर नारायण चौक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार के समीप इन दिनों ऑटो चालकों ने मनमाने तरीके से ऑटो स्टैंड बना लिया है। मुख्य मार्ग के किनारे बड़ी संख्या में ऑटो खड़े रहने से सड़क की चौड़ाई लगातार कम हो रही है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। व्यस्त मार्ग पर इस तरह बेतरतीब खड़े ऑटो कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य प्रवेश द्वार के पास ही ऑटो चालकों ने अपना अस्थायी स्टैंड बना रखा है। मरीजों, उनके परिजनों और आम राहगीरों को यहां से गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



अवैध ऑटो स्टैंड।

अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान के सामने वाहनों का इस तरह जमावड़ा सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहा है। हैरानी की बात यह है कि ऑटो चालकों द्वारा अस्पताल की बाउंड्रीवाल पर बाकायदा ऑटो स्टैंड का बोर्ड भी लगा दिया गया है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें किसी प्रकार की कार्रवाई का भय नहीं है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मुख्य मार्ग और अस्पताल के प्रवेश द्वार के पास ऑटो स्टैंड संचालित करना नियमों के विपरीत है, लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका परिषद और पुलिस प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। नगरवासियों का आरोप है कि ऑटो चालकों की मनमानी के आगे प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। कई बार यातायात व्यवस्था बिगड़ने और सड़क पर जाम की स्थिति बनने के बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा स्थायी समाधान की दिशा में कदम नहीं उठाया गया है। मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े ऑटो के कारण एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों के आवागमन में भी बाधा उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में किसी गंभीर दुर्घटना के बाद ही प्रशासन की नींद खुले, इससे पहले ही उचित कार्रवाई किए जाने की मांग उठ रही है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका परिषद और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मुख्य मार्ग और अस्पताल परिसर के आसपास अवैध रूप से संचालित ऑटो स्टैंड को तत्काल हटाया जाए तथा ऑटो चालकों के लिए निर्धारित स्थान पर स्टैंड की व्यवस्था की जाए,

### सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों को ऑनबोर्ड करने के निर्देश

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में खाद भंडारण एवं वितरण की समीक्षा करते हुए उप पंजीयक, सहकारिता को खाद वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल सहकारी बैंक एवं सहकारिता विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के वितरण में भी प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### लेमरू एलीफेंट...

के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया है। बताया जाता है कि यह टीम सबसे पहले कटघोरा वन मंडल पहुंची थी जहां वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत द्वारा वैज्ञानिक अधिकारियों को हाथियों के एंट्री प्वाईंट व एक्जिट प्वाईंट को बताया। साथ ही किन किन उनका रहवास है उस क्षेत्र का भी दौरा कराया है। इसके उपरांत यह टीम मंगलवार को कोरबा वन मंडल पहुंची जहां वनमंडलाधिकारी प्रेमलता यादव, एसडीओ एसके सोनी ने बालको वन परिक्षेत्र, लेमरु वन परिक्षेत्र का भ्रमण कराया है और उनके द्वारा बेहतर वन प्रबंधन और हाथियों के सुधरे रहवास के कारण पिछले कुछ वर्षों में जन-धन और फसलों के नुकसान के मामलों में काफी गिरावट दर्ज की गई है और टीम द्वारा वनांचल क्षेत्रों में जाकर सीधे ग्रामीणों से बात कर रहे हैं, ताकि उनकी समस्याओं, हाथियों के प्रति उनके नजरिए और सुरक्षा उपायों को समझा। बताया जाता है कि उक्त टीम के द्वारा सभी विषय पर अध्ययन करेगी और एक रिपोर्ट बनाकर भारत सरकार को सौंपेगी।

### मानसनगर में...

कार्रवाई की जाने की मांग शामिल है। इस दौरान सीपीआई जिला सचिव पवन कुमार वर्मा के साथ जिला सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड एन.के. दास, मोहित, संतोष साहू, राहुल विश्वकर्मा, मानसी विश्वकर्मा, सरिता साहू, सिलोचना, महंत, मीना साहू, जमुना विश्वकर्मा, उर्वशी विश्वकर्मा, श्यामा, कौशिल्या साहू, अनीता श्रीवास, विमला, रानू महंत, कौशिल्या यादव, ललिता बरेठ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# फर्जी लोन के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह की महिला कर्मचारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत अभिवृद्धि फाइनेंशियल सर्विसेस टीपीनगर के माध्यम से लोगों को कम ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराने का झांसा दिया जाता था। इसके एवज में प्रोसेसिंग फीस एवं अन्य शुल्क के नाम पर पीड़ितों से राशि उनके बैंक खातों में जमा कराई जाती थी। राशि प्राप्त करने के बाद न तो लोन उपलब्ध कराया गया और ना ही जमा की गई रकम वापस की गई, जिससे कई लोग ठगी का शिकार हुए। शिकायत पर पुलिस ने मामले में धारा 318(4), 316(5) बीएनएस कायम कर जांच की जा रही थी। पुलिस जांच के दौरान बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, डिजिटल साक्ष्यों एवं अन्य दस्तावेजों का गहन परीक्षण कर पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए गए।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

साक्ष्यों के आधार पर आरोपी प्रताप नगर नया पुल के पास, थाना दर्री निवासी प्रियंका कलसे पिता राजेन्द्र कलसे उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष) ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष) एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

BEST SCHOOL IN KORBA Admission Open

BEACON ENG. MED. SCHOOL, Shaktinagar, Gevra, Korba
Affilated to: CBSE, New Delhi (Reg. No. 3330108) Established Science 1995
Admissions Open for Session 2026-27
Nursery to 12th Class (BIO., Maths, Commerce)
100% Result in Class 10th
सभी कक्षाओ के परिक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहे।
Bus Facility Available in All Routs

RAM KRISHNA MISSION PUBLIC SCHOOL DIPKA
राम कृष्ण मिशन पब्लिक स्कूल दीपका
पता - समलाई मंदिर के पास दीपका बस्ती
कक्षा- नर्सरी से आठवीं (अंग्रेजी माध्यम) यू-डाईस कोड - 22050907936
प्रवेश प्रारंभ सत्र-2026-27
✦ कम शुल्क में अच्छी शिक्षा। ✦ समर्पित कुशल और प्रशिक्षित शिक्षकगण द्वारा अध्यापन कार्य।
✦ आर.टी.ई. (शिक्षा का अधिकार 2009) के माध्यम से प्रवेश का लाभ। ✦ पीटी, खेलकूद, चित्रकला तथा वार्षिक प्रतियोगिता।
✦ विद्यार्थियों का उज्जवल भविष्य एक मात्र लक्ष्य। ✦ व्यवहारिक, सांस्कृतिक एवं शारीरिक विकास।
✦ सभी दिशाओं हेतु वाहन की उचित व्यवस्था। ✦ देश सेवा में समर्पित (सैनिको) अभिभावक के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा।
कक्षा नर्सरी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का प्रवेश नि:शुल्क
हमारा उद्देश्य शिक्षा के साथ संस्कार भी.. Our aim is to provide values along with education
संचालक-धरम तिवारी, मो.नं. 9826555761, 6261902118

ST. ANNES PUBLIC SCHOOL KATGHORA
Affiliation : 5329/2015
Add. - Industrial Area Katghora, Korba (C.G.)
CBSE PATTERN
New School Campus Ward No. 10, Near Jurali Bridge, Katghora
CLASSES : PLAY GROUP TO 9TH
FOR YOUR CHILDREN'S BRIGHT FUTURE
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
CONTACT : 8982918609, 7828239611, 7974741383

GARIMA ENGLISH MEDIUM HIGHER SECONDARY SCHOOL KATGHORA
Based On National Education Policy (NEP)
ADMISSION From Class Nursery To Class 12th (Bio, Maths, Comm., Group)
• Bus Facility with CCTV Camera & GPS System
• Projector teaching & smart Class Room Teaching
• Science Lab • Library
• Closed Circuit Camera in every Class Room & School campurs
• Seats Available for BPL students & scholersship for ST. SC. OBC Students
• To develop Confidance, students Read Out the news Thought for ther Day Etc in school Prayer
• To develop Responsibility stendents are made in Charge for Cleanlinees Discipline co curricular activies
• To develop self Study : no Extra tutions, separate Classes for weak Students
Remember:- Gracefulness, achievemnet, reasoning, Intelligence, Motivation, Accomplishment is out aim.
New Building- In Front of Gokul Dham Navagaon, Katghora Distt. Korba (C.G.) 98933-37616

Run By Bhagwan Sahastrabahu Shikshan Evam Samaj Kalyan Samiti | Reg. No. 122202179250
K.P. PUBLIC SCHOOL TUMAN
ADMISSION OPEN
NO ADMISSION FEE
Class Nursery to X
• Quality Educaion at low fees • Year Long Education at 10 Month Fees • Music and Instrumental Classes • 20% Sibling Discount
FACILITY
• Counseling and Orientation Program for Students, Parents & Teachers
• Yoga, Dance, Art, Paintings, Abacus Classes for all • Monthly Medical Checkup
• Well Designed Play Area & Class Room • Extracurricular activities for children
• Qualified and well trained teacher's • Monthly medical checkup
• Activity based learning • Smart Class Room • Secure Environment
• Spiritual Campus • Computer Lab • Fields trips • Care taker
Transport Facility
Director KIRTI PRAKASH JAISWAL
Korba Sakti Road Tuman, (Kartala) Korba(C.G) Mo. 6267091246
Email Id-kppublicschooltuman@gmail.com

ADARSH PUBLIC SCHOOL
BHILAI BAZAR DIST.- KORBA (C.G.)
CLASS NURSERY TO 8TH
SCHOOL ADMISSION
NOW OPEN FOR REGISTRATION
• CBSE CURRICULUM • ACTIVITY BASED LEARNING
• TEACHING BY EXPERIENCED & TRAINED TEACHER'S
• MODERN SMART CLASS ROOM'S • VEHICLE FACILITY AVAILABLE
ADMISSION OPEN 2026-27
CALL-8839634539,9179098540
E-mail apsbhilaibazar01@gmail.com
N. JITENDRA KASHYAP (MANAGING DIRECTOR)
ADARSH PUBLIC SCHOOL BHILAI BAZAR KORBA
Teacher's Requies TGT (Maths, Science, English, S.S.T., And Computer)
Candidate can send their Resume on Whattsapp No. 8839634539 Email id apsbhilaibazar01@gmail.com

ISO CERTIFIED
पाली क्षेत्र का एक मात्र ISO CERTIFIED स्कूल
ADMISSION OPEN SESSION 2026-27
BOOKS FREE
इंडियन पब्लिक स्कूल
SINCE: 2010 UDISE : 22051819413
INDIAN PUBLIC SCHOOL PALI, DISTT. - KORBA (C.G.)
PLAY GROUP TO 10th • ENGLISH MEDIUM • AFFILIATED CGBSE • SMART CLASSES • EXPERIENCED TEACHERS • DISCIPLINED ENVIRONMENT • CO-CURRICULAR ACTIVITIES • BUS FACILITY
अब पढ़ाई के साथ SKILL DEVELOPMENT CLASSES
COMPUTER EDUCATION • SPOKEN ENGLISH • PERSONALITY DEVELOPMENT • LEADERSHIP TRAINING • ART & CRAFT • MUSIC & DANCE • YOGA & FITNESS
हेड ऑफिस - पाली: अटल चौक लाफा रोड पाली 9303871360, 9340889340
पोंड़ी: दुर्गा मंदिर गली पोंड़ी 70492 89701, 9340889340
चैतमा: गाँधी बाग शिक्षक कॉलोनी, चैतमा 62672 14942, 9340889340
जटगा: पुलिस चौकी के सामने, जटगा 93291 3779, 9340889340
बांधाखार: संस्कार पब्लिक स्कूल पानी टंकी के पास बांधाखार 88390 05858, 9340889340
★ INDIAN PUBLIC SCHOOL ★ ENGLISH MEDIUM AFFILIATED CGBSE PALI, DISTT. - KORBA (C.G.)

## खबर संक्षेप



### पोड़ी पहुंचे संचालक डॉ. सिंगरौल किया औचक निरीक्षण

**कोरबा।** सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई के संचालक डॉ. जीतेंद्र कुमार सिंगरौल ने पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव में चल रहे सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) कार्यों का औचक निरीक्षण किया और जमीनी हकीकत परखी। जानकारी के अनुसार संचालक डॉ. सिंगरौल ने गांव में मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों की बारीकी से जांच की। उन्होंने केवल दस्तावेजों तक सीमित न रहकर सीधे कार्यस्थल पर जाकर धरातल पर कार्यों की समीक्षा की। इस औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सामाजिक अंकेक्षण की इस प्रक्रिया में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई की टीम के साथ-साथ ब्लॉक समन्वयक कुलेश्वर पटेल,ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक, मनरेगा मेट और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### जनदर्शन में दिव्यांग हितग्राही की समस्या का त्वरित समाधान

**कोरबा।** कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए जिला प्रशासन ने एक दिव्यांग हितग्राही को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर संवेदनशील प्रशासन का परिचय दिया है। दिव्यांग हितग्राही राहुल यादव, पिता स्वर्गीय मोहन राम यादव, निवासी वार्ड क्रमांक 1, तहसील एवं थाना कटघोरा, जिला कोरबा ने कलेक्टर जनदर्शन में बैशाखी, वॉकर एवं छड़ी उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा प्रतीक जैन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। निर्देश प्राप्त होते ही समाज कल्याण विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हितग्राही राहुल यादव को बैशाखी, वॉकर एवं छड़ी उपलब्ध करा दी गई। आवश्यक सहायक उपकरण प्राप्त होने पर राहुल यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों से उनके दैनिक जीवन में आवागमन सुगम होगा और उन्हें काफी सुविधा मिलेगी। जिला प्रशासन ने कहा है कि जनदर्शन का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करना है, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर शासन की सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### स्वच्छता कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका में मंगलवार को शासन के निर्देशानुसार नमस्ते योजना के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योजना के लाइव प्रसारण से हुई, जिसे प्रोजेक्टर के माध्यम से नगर पालिका परिसर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को दिखाया गया। लाइव प्रसारण के बाद नगर की स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान देने वाले स्वच्छता कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं उनकी कार्यस्थल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पीपीई (पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट) किट का भी वितरण किया गया। स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के माध्यम से उनका निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम रत्नेश, उपाध्यक्ष संगीता साहू सहित पार्षदगण, एसएलआरएम सेंटर की स्वच्छता दीदियाँ, स्वच्छता कर्मी और नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दरवाजे का रॉड तोड़कर बाल सम्प्रेक्षण गृह से भागे 13 अपचारी बालक

**अम्बिकापुर।** शहर के बाल संप्रेक्षण गृह से एक बार फिर से अपचारी बालकों के फरार होने की घटना सामने आई है। अपचारी बालकों ने बाल संप्रेक्षण गृह का गेट तोड़कर फरार हो गए। बाल संप्रेक्षण गृह से 13 अपचारी बालकों के भागने की बात सामने आई है। बड़ी बात यह है कि इसके पहले 23 जून को भी संप्रेक्षण गृह की खिड़की तोड़कर 11 अपचारी बालक भाग निकले थे। एक महीने के भीतर दूसरी घटना से बाल संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम बाल संप्रेक्षण गृह के दरवाजे को तोड़कर 13 अपचारी बालक फरार हो गए। रात लगभग आठ बजे बालकों ने बाल सम्प्रेक्षण गृह के पीछे की तरफ मौजूद लोहे के गेट के रॉड को फैलाकर जगह बनाई और फिर भाग निकले। इस दौरान प्रबंधन की नजर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के मॉनिटर पर पड़ी जिसमें बच्चे पीछे की ओर से भागते नजर आए। जब तक बाल सम्प्रेक्षण गृह प्रबंधन हरकत में आता बच्चे फरार हो चुके थे। इस घटना के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। भागने वाले अपचारी बालकों के दुष्कर्म, हत्या, लूट, चोरी समेत विभिन्न धाराओं के तहत अपराधों में शामिल होने की बात कही जा रही है।

# सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को मिलेगा सीपीआरएमएस ई-कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोयला कंपनियों से सेवानिवृत्त होने वाले हजारों कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। इसके तहत एसईसीएल सहित कोल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों के सेवानिवृत्त कर्मियों को जल्द ही पीवीसी सीपीआरएमएस-ई कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इस निर्णय के संबंध में कोल इंडिया मुख्यालय ने सभी अनुषंगी कंपनियों के प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

दरअसल लंबे समय से कार्ड न मिलने के कारण आ रही तकनीकी दिक्कतों को देखते हुए, प्रबंधन ने इसे प्राथमिकता के आधार पर लागू करने का संकल्प लिया है, जिसे सेवानिवृत्त कर्मियों के कल्याण की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हाल ही में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रतिनिधियों और कोल इंडिया प्रबंधन के बीच एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में प्रतिनिधियों ने पीवीसी सीपीआरएमएस-ई कार्ड उपलब्ध न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था, जिससे इलाज और अन्य पहचान संबंधी कार्यों में बाधा आ रही थी। प्रबंधन ने इन समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के बाद यह निर्णय लिया कि अब सभी पात्र सेवानिवृत्त कर्मियों को एक समान प्रारूप (यूनिफॉर्म फॉर्मेट) में डिजिटल कार्ड जारी किया जाएगा, ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता और सुगमता बनी रहे।

## इलाज के दौरान मिलेगी सुविधा




### स्वास्थ्य सुविधाओं में मिलेगी बड़ी सहूलियत

इस स्मार्ट कार्ड के मिल जाने से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य अनुषंगी सुविधाओं का लाभ लेने में काफी आसानी होगी। वर्तमान में भौतिक कार्ड के अभाव में कई बुजुर्ग कर्मियों को अपनी पहचान साबित करने और कैशलेस सुविधाओं का लाभ उठाने में जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा था। कोल इंडिया ने अपने सभी सहायक कंपनियों (एसईसीएल, एमसीएल, एनसीएल, डब्ल्यूसीएल, सीएमपीडीआईएल और एनईसी असम) के मानव संसाधन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस प्रक्रिया को बिना किसी देरी के क्रियान्वित किया जाए।

## केन्द्र सरकार ने हाथी प्रभावित जिलों के लिए जारी की नई गाइड लाइन

# हाथी से चौपट होने वाली फसल में भी किसानों को मिलेगा बीमा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते कुछ वर्षों से जिले में हाथी के कारण फसल नुकसान को लेकर लगातार किसानों के द्वारा बीमा दिए जाने की मांग की जा रही थी। वन विभाग के द्वारा दी जाने वाली राहत राशि को किसानों के द्वारा कम बताए जाने को लेकर इसे भी फसल बीमा में लाने की मांग की गई थी। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार ने हाथी प्रभावित जिलों के लिए नई गाइड लाइन जारी की है। जिसमें कोरबा जिला भी शामिल है।

जिले के दोनों वन मंडल कोरबा व कटघोरा हाथी प्रभावित हो चुके हैं और धान की फसल को नुकसान हाथियों के लगातार विचरण के कारण हो रहा है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में धान की फसल लेने वाले प्रभावित किसानों की संख्या सर्वाधिक है। जिनकी फसल चौपट होने पर उन्हें केवल वन विभाग से ही राहत राशि मिला करती थी। इसके अलावा किसानों को हाथी से चौपट फसल की भरपाई के लिए कोई और रास्ता नहीं था। वन विभाग के द्वारा नुकसान का आंकलन कर जो राशि दी जाती थी वह पर्याप्त न होने के कारण किसानों को लागत भी नहीं मिल पाती थी। इसके लिए जिला पंचायत की समान्य सभा से लेकर जिले के दौरे पर आने वाले मंत्रियों को भी इस संबंध में ज्ञापन सौंप कर मुआवजा राशि बढ़ाने या फिर फसल बीमा के दायरे में लाने की मांग की गई थी। 12 जुलाई से जिले में लागू हुई फसल बीमा योजना में हाथी से चौपट होने वाली फसल का बीमा की गाइड लाइन लागू होने के बाद ऐसे किसानों को राहत मिली है। जो हाथियों के द्वारा चौपट की जाने वाली फसल का नुकसान लंबे समय से झेलते आ रहे थे।

### खास बात

- फसल नुकसान के 72 घंटे के अंदर किसान को देनी होगी सूचना


फाइल फोटो

### फसल की रखवाली करते गंवा चुके हैं जान

हाथी प्रभावित गांवों की सबसे बड़ी दुखद दास्तान किसानों की फसल की रखवाली करते हुए जान चले जाना भी है। प्रत्येक वर्ष फसल सीजन के दौरान किसान रखवाली करते हुए हाथी के चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं। उसका भी मुआवजा केवल वन विभाग के द्वारा ही दिया जाता है। ऐसे किसानों के परिवारों को भी फसल बीमा की इस नई गाइड लाइन से एक बड़ी राहत मिलने जा रही है।

### यह है प्रावधान

हाथी प्रभावित गांव में फसल चौपट होने पर कृषि एवं राजस्व विभाग का संयुक्त दल नुकसान का आंकलन करेगा। वहीं किसानों को फसल से चौपट होने या नुकसान होने की सूचना विभाग को 72 घंटे के अंदर देना होगा। या अपने मोबाइल में फसल बीमा के एप को लोडकर उसमें दर्ज कराना होगा। नुकसान की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दोनों विभागों की टीम के द्वारा उक्त गांव के औसत फसल उत्पादन के आधार पर नुकसान का आंकलन किया जाएगा। इसका सबसे बड़ा लाभ यह रहेगा कि एमएसपी के दर पर बीमा क्लेम की राशि तय होगी और यह राशि किसानों के सीधे बैंक खाते में जाएगी।

### गाइड लाइन में शामिल किया गया

हाथी प्रभावित ग्रामों में हाथियों से चौपट होने वाली धान की फसल का भी बीमा किया जाएगा। इसका भी क्लेम किसानों को मिलेगा। वर्तमान में केन्द्र सरकार के द्वारा जारी की गई गाइड लाइन में हाथियों से चौपट होने वाली फसल के मामले में किसानों को बीमा का लाभ दिया जाएगा।

-डीपीएस कंवर, उप संचालक कृषि

# बारिश में बही रजगामार केराकछार सड़क व पुल अब तक नहीं बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार

बीते वर्ष की बारिश में ग्राम पंचायत रजगामार से ग्राम केराकछार के बीच बनी पुल और सड़क के बह जाने से पांच से दस गांव की एक बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है। कोरकोमा धान खरीदी केन्द्र आने वाले किसानों के लिए यह मुख्य सड़क हुआ करती थी। जिसके मरम्मत कार्य एक वर्ष बाद भी ग्राम पंचायत एजेंसी के द्वारा नहीं किया गया है। ग्रामीणों को 5 से 10 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।

केराकछार मार्ग पर टूटे पुल से रजगामार पुरानी बस्ती, टेवानारा, पतरापाली, ठाकुरखेता सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग इस पुल से केरवा, कोरकोमा, भैंसमा सहित रामपुर, करतला आवागमन करते हैं। इस पुल से दोपहिया, चार पहिया और ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों से आवागमन करते थे, लेकिन बारिश की वजह से और मिट्टी के कटाव से पुल ढह गया। हालांकि ग्रामवासियों द्वारा लकड़ी से वैकल्पिक पुल तैयार किया गया। जिसमें दो पहिया वाहन और पैदल आवागमन कर पुल पार करते हैं लेकिन वह वैकल्पिक पुल भी आवागमन करने योग्य नहीं है। इस मार्ग से आवाजाही करने से जरा सी चूक हुई तो बड़ी दुघर्टना घट सकती है। क्षतिग्रस्त पुल से प्रभावित आसपास के ग्रामवासी कहते हैं कि बरसात होते ही प्रशासन को क्षतिग्रस्त पुल का नवनिर्माण करना चाहिए क्योंकि कोरकोमा में कृषि उपज मंडी है। किसानों को धान बिक्री के लिए कोरकोमा जाना पड़ता है। इस कारण जल्द से जल्द इसका निर्माण आवश्यक है। यह मार्ग किसानों के लिए सुगम और नजदीक पड़ता है। वर्तमान में पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण किसानों को ट्रैक्टर में खाद लेने जाना पड़ रहा है। इसके लिए उन्हें घूमकर जाना पड़ रहा है। जिससे किसानों को अतिरिक्त 5 से 10 किमी की दूरी तय करने के साथ समय ज्यादा लग रहा है।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 60 वाहन चालकों पर गिरी गाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों में सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। अभियान के दौरान जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष चेकिंग पॉइंट स्थापित किए गए। पुलिस टीमों द्वारा वाहनों के दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, नंबर प्लेट, मॉडिफाइड वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों की गहन जांच की गई। साथ ही ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच भी की गई। विशेष अभियान के दौरान 60 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 5 नाबालिग वाहन चालकों के परिजनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए 8 मॉडिफाई वाहनों तथा नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े 27 वाहनों पर भी चालानी कार्रवाई की गई। सभी प्रकरणों में नियमानुसार अग्रिम वैधानिक एवं न्यायालयीन प्रक्रिया की जा रही है।

# गांजा की तलाशी करने पहुंची थी पुलिस, जांच में मिला फर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली क्षेत्र में निवासरत एक महिला के घर गांजा की सूचना बताते हुए दो युवक अपने आप को पुलिस बताते हुए घर में घुस गए थे और घर की सघन तलाशी ली थी जब इस मामले की भनक पुलिस को लगी तो मामले की जांच कराई गई तो पता चला कि तलाशी लेने वाले लोग पुलिस नहीं बल्कि आम लोग थे और अपने आप को पुलिस बातकर घर की तलाश ली थी। महिला की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

मामला पाली थाना क्षेत्र का है यहां हाई स्कूल के सामने निवासरत ललिता नेताम ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 11 जुलाई की दोपहर लगभग 3 बजे ललिता की मां बिरस बाई बिस्तर पर लेटी तथा, ललिता एवं उसकी दीदी राधा नेताम, छोटी बहन रीना के साथ अपने के घर अंदर में खाना खा रहे थे। उसी समय दो युवक पहुंचे और अपने आप को पुलिस बताने लगे और उन्हें जानकारी दी गई कि उन्हें सूचना मिली है कि ललिता के घर में गांजे की खेप रखी हुई है। उन युवकों ने घर के आलमारी सहित पूरे घर की तलाशी ली और उन लोगों के जाने के बाद जब अपने आलमारी को देखे तो उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात गायब मिले मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 305, 331(1)बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## 18 व 19 जुलाई को रद्द रहेंगी पैसेंजर व मेमू लोकल

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के भाटापारा-हथबंध स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन सेक्शन ऑटो सिग्नलिंग कमीशनिंग हेतु एनआई का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। प्रभावित होने वाली गाड़ियों में 19 जुलाई को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर, 19 जुलाई को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 18 एवं 19 जुलाई को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 18 एवं 19 जुलाई को गाडी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 18 एवं 19 जुलाई को गाडी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द, 18 जुलाई को गाडी संख्या 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर एवं 19 जुलाई को गाडी संख्या 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेंगी।

## पुलिस ने गुंडे एवं निगरानी बदमाशों को घर पहुंचकर अपराधों से दूर रहने दी समझाइश

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संचालित सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत जिले में गुंडे, निगरानी बदमाश एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में देर रात्रि पुलिस टीमों द्वारा उन गुंडे एवं निगरानी बदमाशों के घरों पर पहुंचकर सघन चेकिंग एवं सत्यापन किया गया, जिनके जिला बदर किए जाने कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा गया। चेकिंग के दौरान संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि वे पुनः किसी अपराध में संलिप्त पाए जाते हैं अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करते हैं, तो उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## जिला पंचायत की जांच टीम ने गांव पहुंचकर खंगाले रिकॉर्ड

# अधूरे कार्य, अग्रिम राशि आहरण के आरोपों की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

ग्राम पंचायत सरगबुंदिया में वर्ष 2020 से 2025 के बीच कराए गए विकास कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितताओं का मामला अब तूल पकड़ चुका है। ग्रामीणों और उपसरपंच की शिकायत पर जिला पंचायत कोरबा द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच दल ने मंगलवार को पंचायत पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की। शिकायत में लाखों रुपये के निर्माण कार्यों में अग्रिम राशि निकालने, कार्य अधूरे छोड़ने और कई मामलों में निर्माण शुरू तक नहीं होने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।


ग्रामीणों से पूछताछ करती जांच टीम।

जिला पंचायत के आदेश के बाद गठित जांच समिति ने पंचायत भवन में संबंधित अभिलेखों, कैशबुक, बिल-वाउचर, तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति, जियो टैग और अन्य दस्तावेजों की पड़ताल की। जांच दल ने शिकायतकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों से भी जानकारी ली। अब पूरी जांच रिपोर्ट जिला पंचायत को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। शिकायत में वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक स्वीकृत कई विकास कार्यों पर अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। इनमें सबमर्सिबल पंप स्थापना, सामुदायिक शौचालय, सांसद मद से सीसी सड़क, 15वें वित्त आयोग से पानी टंकी बोर, खनिज न्यास मद से सीसी सड़क तथा वार्ड क्रमांक-18 में गेट निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। आरोप है कि कई योजनाओं में अग्रिम राशि का आहरण कर लिया गया, लेकिन कार्य आज तक पूरे नहीं किए गए। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि तत्कालीन पंचायत कार्यकाल के दौरान चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले लगभग 30 से 35 लाख रुपये का आहरण किया गया, जबकि कई कार्यों का पंचायत में प्रस्ताव तक पारित नहीं हुआ। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

